# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ

विज्ञापन संख्या 12-परीक्षा/2026, वन रक्षक व वन्यजीव रक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा.अ.प.-2025)/13

**Exam Date – 27-09-2026** **Answer Key** (Master Set)

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय उद्यान यूनेस्को (UNESCO) द्वारा प्राकृतिक विश्व धरोहर स्थल घोषित ***नहीं*** किया गया है ?

**जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान**

Which of the following national parks has ***not*** been inscribed as a natural World Heritage site by UNESCO ?

**Jim Corbett National Park**

---

**2.** भारत के राष्ट्रीय पक्षी का वैज्ञानिक नाम क्या है ?

***पावो क्रिस्टेटस***

The scientific name of the national bird of India is :

***Pavo cristatus***

---

**3.** वेदान्थंगल पक्षी अभयारण्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. इसे वर्ष 1936 में एक अभयारण्य घोषित किया गया था।

II. इसे वर्ष 2022 में रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया था।

III. इसे वर्ष 2024 में यूनेस्को (UNESCO) विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

**केवल I और II**

Consider the following statements regarding Vedanthangal Bird Sanctuary :

I. It was declared a sanctuary in 1936.

II. It was designated as a Ramsar Site in 2022.

III. It was inscribed as a UNESCO World Heritage Site in 2024.

Which of the above statements is/are correct ?

**I and II only**

---

**4.** 2025 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP30) की मेज़बानी किस देश ने की थी ?

**ब्राज़ील**

Which country hosted the UN Climate Change Conference (COP30) in 2025 ?

**Brazil**

---

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अंतर्गत आरक्षित वन और संरक्षित वन के बीच सही अंतर बताता है ?

**आरक्षित वनों के लिए अंतिम अधिसूचना से पहले अधिकारों का निपटान आवश्यक है।**

Which of the following correctly distinguishes a Reserved Forest from a Protected Forest under the Indian Forest Act, 1927 ?

**Reserved Forests require settlement of rights before final notification.**

---

**6.** भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 30 के अंतर्गत, राज्य सरकार संरक्षित वन से पत्थर की खुदाई, चूना/कोयला जलाने या किसी भी वन उपज हटाने पर रोक लगा सकती है, जिसकी अवधि इससे अधिक नहीं होगी :

**उपर्युक्त में से कोई नहीं**

Under Section 30 of the Indian Forest Act, 1927, the State Government may prohibit quarrying of stone, burning of lime/charcoal, or removal of any forest produce from a Protected Forest for a period, not exceeding :

**None of the above**

---

**7.** वन और भूमि-उपयोग क्षेत्र कार्बन स्रोत और कार्बन सिंक दोनों के रूप में क्यों कार्य कर सकता है ?

**वन वृद्धि $CO_2$ अवशोषित करती है; दहन इसे उत्सर्जित करती है**

Why can the forest and land-use sector function as both a carbon source and a carbon sink ?

**Forest growth absorbs $CO_2$; burning releases it**

---

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा ओडिशा में श्वेत बाघों के लिए एक प्रसिद्ध संरक्षण केंद्र है ?

**नंदनकानन प्राणी उद्यान**

Which of the following is a renowned conservation centre for white tigers in Odisha ?

**Nandankanan Zoological Park**

---

**9.** 1973 में जब 'प्रोजेक्ट टाइगर' शुरू किया गया था, तब निम्नलिखित में से कौन-सा टाइगर रिज़र्व उन नौ रिज़र्वों में सम्मिलित ***नहीं*** था ?

**पेरियार टाइगर रिज़र्व**

Which of the following Tiger Reserves was ***not*** among the nine reserves included when 'Project Tiger' was launched in 1973 ?

**Periyar Tiger Reserve**

---

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा केरल के नामित चार हाथी रिज़र्वों में से एक ***नहीं*** है ?

**उपर्युक्त में से कोई नहीं**

Which of the following is ***not*** one of the four designated Elephant Reserves in Kerala ?

**None of the above**

---

**11.** वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अंतर्गत, "ग़ैर-वन प्रयोजन" की परिभाषा में निम्नलिखित में से किसे स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध किया गया है ?

**औषधीय पौधों की खेती**

Under the Forest (Conservation) Act, 1980, which of the following is expressly listed in the definition of "non-forest purpose" ?

**Cultivation of medicinal plants**

---

**12.** समुद्री पारिस्थितिक तंत्रों में कौन-से जीव उत्पादक के रूप में कार्य करते हैं ?

**पादपप्लवक (फाइटोप्लैंकटन)**

Which organisms act as producers in marine ecosystems ?

**Phytoplankton**

---

**13.** ऊष्मीय स्तरीकृत झील में, तल पर स्थित ठंडी, सघन जल परत को क्या कहा जाता है ?

**हाइपोलिम्नियन**

In a thermally stratified lake, the cold, dense layer of water located at the bottom is known as :

**Hypolimnion**

---

**14.** वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत, उस निजी या सामुदायिक भूमि को किस संरक्षित-क्षेत्र श्रेणी में घोषित किया जा सकता है जहाँ कोई व्यक्ति या कोई समुदाय वन्यजीवों और उनके आवासों के संरक्षण के लिए स्वेच्छा से प्रतिबद्ध हो ?

**सामुदायिक आरक्षित क्षेत्र**

Under the Wild Life (Protection) Act, 1972, which protected-area category may be declared on private or community land where an individual or a community has volunteered to conserve wildlife and its habitat ?

**Community Reserve**

---

**15.** मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण विश्व दिवस 2026 के अवसर पर भारत सरकार द्वारा रेखांकित 'बॉन चैलेंज' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह वन और परिदृश्य पुन:स्थापन/बहाली पर केंद्रित एक वैश्विक पहल है।

II. इस वैश्विक पहल का उद्देश्य क्षतिग्रस्त और वनों की कटाई से प्रभावित भूदृश्यों का पुन:स्थापन/बहाली करना है।

III. भारत इसका एक प्रमुख सहभागी है और भारत ने क्षतिग्रस्त भूमि का पुन:स्थापन/बहाली करने का संकल्प लिया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

**I, II और III**

Consider the following statements regarding the 'Bonn Challenge' highlighted by the Government of India on World Day to Combat Desertification and Drought 2026 :

I. It is a global initiative focused on forest and landscape restoration.

II. This global initiative aims to restore degraded and deforested landscapes.

III. India is a major participant, having pledged to restore degraded land.

Which of the above statements is/are correct ?

**I, II, and III**

---

**16.** कौन-सा शब्द किसी जैविक तंत्र या पारिस्थितिक तंत्र की गतिक साम्य बनाए रखने और बाहरी व्यवधानों का प्रतिरोध करने की स्व-नियमन क्षमता को संदर्भित करता है ?

**समस्थापन**

Which term refers to the self-regulating capacity of a biological system or ecosystem to maintain dynamic equilibrium and resist external disturbances ?

**Homeostasis**

---

**17.** निम्नलिखित में से किन बाघ अभयारण्यों को 2023 में बाघों की संख्या दुगुनी करने के लिए संयुक्त रूप से TX2 पुरस्कार प्रदान किया गया ?

**उपर्युक्त में से कोई नहीं**

Which of the following tiger reserves were jointly awarded the TX2 Award in 2023 for doubling their tiger population ?

**None of the above**

---

**18.** निम्नलिखित वन उत्पादों पर विचार कीजिए :

I. तेंदू पत्तियाँ

II. बेंत

III. काष्ठ

IV. बाँस

वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत उपर्युक्त में से कितने "लघु वन उपज" की परिभाषा में शामिल हैं ?

**केवल तीन**

Consider the following forest products :

I. Tendu leaves

II. Cane

III. Timber

IV. Bamboo

How many of the above are included within the definition of "Minor Forest Produce" under the Forest Rights Act, 2006 ?

**Only three**

---

**19.** भारत सरकार की कौन-सी योजना कृषि में जल उपयोग दक्षता बढ़ाने के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा देती है ?

**प्रति बूँद अधिक फसल**

Which Government of India scheme promotes micro-irrigation technologies such as drip and sprinkler irrigation to improve water-use efficiency in agriculture ?

**Per Drop More Crop**

---

**20.** रेसरपाइन नामक औषधीय यौगिक किस पादप प्रजाति की जड़ों से प्राप्त होता है ?

***राउवोल्फिया सर्पेन्टिना (Rauwolfia serpentina)***

The medicinal compound reserpine is obtained from the roots of which plant species ?

***Rauwolfia serpentina***

---

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा वन अपरद खाद्य श्रृंखला में ऊर्जा के संभावित प्रवाह का सही प्रतिनिधित्व करता है ?

**मृत पत्तियाँ → केंचुए → पक्षी**

Which of the following correctly represents a possible flow of energy in a forest detritus food chain ?

**Dead leaves → Earthworms → Birds**

---

**22.** निम्नलिखित में से किन ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वेक्षण (BAS) वैज्ञानिकों ने 1985 में अंटार्कटिक ओज़ोन छिद्र की खोज की थी ?

I. जो फार्मन

II. ब्रायन गार्डिनर

III. जोनाथन शैंकलिन

IV. मारियो मोलिना

**विकल्प :**

**केवल I, II और III**

Which of the following British Antarctic Survey (BAS) scientists discovered the Antarctic ozone hole in 1985 ?

I. Joe Farman

II. Brian Gardiner

III. Jonathan Shanklin

IV. Mario Molina

**Options :**

**I, II and III only**

---

**23.** जब वर्षा का जल भराव क्षेत्र (लैंडफिल) से छनकर दबे हुए पदार्थों से रासायनिक प्रदूषकों को घोल लेता है, तो बने हुए द्रव को कहा जाता है :

**लीचेट (निक्षालितक)**

The liquid formed when rainwater filters through waste in a landfill, dissolving chemical contaminants from the buried material, is known as :

**Leachate**

---

**24.** मैंग्रोव की कौन-सी प्रजाति तुलनात्मक रूप से अधिक आंतरिक क्षेत्रों में उगती है और जलमग्न मृदा में वायु की आपूर्ति के लिए श्वसन-मूल (न्यूमैटोफोर) नामक ऊर्ध्वाधर वायवीय जड़ों के उभार धारण करती है ?

**काला मैंग्रोव**

Which mangrove species grows relatively more inland and possesses vertical aerial root projections called pneumatophores to supply air in submerged soils ?

**Black mangrove**

---

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रौद्योगिकी का उपयोग भारतीय वन सर्वेक्षण (FSI) द्वारा वन अग्नि की वास्तविक-समय निगरानी, जले हुए क्षेत्र के आकलन और संबंधित अध्ययनों के लिए ***नहीं*** किया जाता है ?

**सोनार-आधारित बाथिमेट्रिक इमेजिंग सिस्टम्स**

Which of the following technologies is ***not*** used by the Forest Survey of India (FSI) for the real-time monitoring of forest fires, burnt area assessment and related studies ?

**Sonar-based bathymetric imaging systems**

---

**26.** भारत में फायर लाइनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. ढकी हुई फायर लाइनों में, पेड़ों को बनाए रखते हुए छोटी वनस्पतियों और झाड़ियों को हटा दिया जाता है।

II. ढकी हुई फायर लाइनों को कच्ची अग्नि रेखाएँ भी कहा जाता है।

III. सभी प्रकार के वनों में फायर लाइन की चौड़ाई तीन मीटर निर्धारित होती है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

**केवल I और II**

Consider the following statements regarding fire lines in India :

I. In covered fire lines, undergrowth and shrubs are removed while trees are retained.

II. Covered fire lines are also known as Kachha fire lines.

III. The width of a fire line is fixed at three metres across all forest types.

Which of the above statements are correct ?

**I and II only**

---

**27.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है :

**अभिकथन (A) :** वन आवरण में वृद्धि जलवायु परिवर्तन और तापमान वृद्धि के वैश्विक प्रभावों को कम करने में मदद करती है।

**कारण (R) :** वन वायुमंडल से ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं और इसे वृक्षों तथा मृदा में संग्रहीत करते हैं, जिससे वायुमंडलीय ग्रीनहाउस गैस की सांद्रता कम हो जाती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

**अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है।**

Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Increasing forest cover helps lessen the global impacts of climate change and temperature rise.

**Reason (R) :** Forests capture oxygen from the atmosphere and store it in trees and soil, reducing atmospheric greenhouse gas concentrations.

Select the correct answer from the options given below :

**Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.**

---

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सी वृक्ष प्रजाति भारत में व्यावसायिक रूप से राल (रेज़िन) उत्पादन के लिए उपयोग ***नहीं*** की जाती है ?

***पाइसिया स्मिथियाना***

Which of the following is ***not*** commercially exploited as a resin-yielding tree species in India ?

***Picea smithiana***

---

**29.** कौन-से मृदा कण अपने कुल ऋणात्मक आवेश और विशाल विशिष्ट पृष्ठीय क्षेत्रफल के कारण विनिमय-योग्य धनायनों को धारण करने के लिए उत्तरदायी होते हैं ?

**मृदा कोलॉइड**

Which soil particles are responsible for holding exchangeable cations due to their net negative charge and large specific surface area ?

**Soil colloids**

---

**30.** खैर (*ऐकेशिया कैटेचू*) के किस भाग का उपयोग कत्था निकालने के लिए किया जाता है ?

**अंत:काष्ठ**

Which part of *Acacia catechu* is used to extract Katha ?

**Heartwood**

---

**31.** निम्नलिखित साधनों और प्रौद्योगिकियों (टेक्नोलॉजीज़) पर विचार कीजिए :

I. भौगोलिक सूचना तंत्र (जीआईएस)

II. कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)

III. रेडियो टेलीमेट्री

IV. पूर्वानुमानात्मक विश्लेषण

V. भूकंपीय परावर्तन सर्वेक्षण

उपर्युक्त में से कौन-से, आधुनिक मानव – वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन का समर्थन करते हैं ?

**केवल I, II, III और IV**

Consider the following tools and technologies :

I. Geographic Information System (GIS)

II. Artificial Intelligence (AI)

III. Radio telemetry

IV. Predictive analytics

V. Seismic reflection surveys

Which of the above support modern human – wildlife conflict management ?

**I, II, III and IV only**

---

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम भारत के हाथी रिज़र्वों में हाथियों के अवैध शिकार की निगरानी के लिए विशेष रूप से लागू किया गया है ?

**माइक (MIKE) कार्यक्रम**

Which of the following is implemented in Indian elephant reserves specifically to monitor the illegal killing of elephants ?

**MIKE Programme**

---

**33.** कौन-सा अग्रणी (पायनियर) जीव खनिज सतह का अपक्षय करने वाले अम्लों का स्राव करके नग्न चट्टानों पर मृदा निर्माण शुरू करता है ?

**लाइकेन**

Which pioneer organism initiates soil formation on bare rocks by secreting acids that weather the mineral surface ?

**Lichens**

---

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अजैविक और जैविक परिस्थितियों के उस संयोजन को संदर्भित करता है जिसके अंतर्गत कोई प्रजाति जीवित रह सकती है और अस्तित्व बनाए रख सकती है ?

**पारिस्थितिक निकेत**

Which of the following terms refers to the combination of abiotic and biotic conditions under which a species can survive and persist ?

**Ecological niche**

---

**35.** निम्नलिखित में से किस प्रणाली को कृषि-वानिकी प्रणाली के रूप में वर्गीकृत ***नहीं*** किया गया है ?

**समोच्च रेखा कृषि प्रणाली**

Which of the following is ***not*** classified as an agroforestry system ?

**Contour farming system**

---

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सी भूमि-उपयोग प्रणाली में एक ही भूमि खंड पर काष्ठीय बहुवर्षीय पौधों को कृषि फसलों और/या पशुधन के साथ जानबूझकर एकीकृत किया जाता है ?

**कृषि-वानिकी**

Which of the following land-use systems involves the deliberate integration of woody perennials with agricultural crops and/or livestock on the same unit of land ?

**Agroforestry**

---

**37.** कौन-सा पैन-इंडिया इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल मौजूदा एपीएमसी (APMC) मंडियों को एकीकृत करके कृषि जिंसों (उत्पादों) के लिए एक एकीकृत राष्ट्रीय बाज़ार बनाता है ?

**e-NAM**

Which pan-India electronic trading portal integrates the existing APMC mandis to create a unified national market for agricultural commodities ?

**e-NAM**

---

**38.** केइबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान, जो विश्व का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान है, किस स्थानिक प्रजाति का प्राकृतिक आवास है ?

**संगाई**

The Keibul Lamjao National Park, the world's only floating national park, is the natural habitat of which endemic species ?

**Sangai**

---

**39.** 1974 में रामसर सम्मेलन के अंतर्गत किस स्थल को विश्व की पहली अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि घोषित किया गया था ?

**कोबर्ग प्रायद्वीप**

Which site was designated as the world's first Wetland of International Importance under the Ramsar Convention in 1974 ?

**Cobourg Peninsula**

---

**40.** निम्नलिखित में से किस पौधे को 'शिग्रु' या 'हॉर्सरैडिश ट्री' के नाम से भी जाना जाता है और जिसमें एंटीबायोटिक जैसा पदार्थ 'टेरिगोस्पर्मिन' पाया जाता है ?

**मोरिंगा**

Which of the following plants is also known as 'Shigru' or the 'Horseradish tree' and contains the antibiotic-like substance 'Pterygospermin' ?

**Moringa**

---

**41.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द कम-चक्र वाली समर्पित काष्ठीय फसल के बागानों से प्राप्त जैव-मात्रा (बायोमास) के प्रत्यक्ष दहन के माध्यम से बिजली उत्पादन को संदर्भित करता है ?

**डेंड्रोथर्मल ऊर्जा**

Which of the following terms refers to the generation of electricity through the direct combustion of biomass sourced from dedicated, short-rotation woody crop plantations ?

**Dendrothermal energy**

---

**42.** कुनैन (क्विनीन), जो पौधे की छाल से प्राप्त होने वाली एक प्रसिद्ध औषधि है, निम्नलिखित में से किससे प्राप्त होती है ?

***सिनकोना ऑफिसिनैलिस***

Quinine, a well-known medicinal drug obtained from plant bark, is derived from which of the following ?

***Cinchona officinalis***

---

**43.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के अंतर्गत, सभी खरीफ खाद्य और तिलहन फसलों के लिए किसानों द्वारा देय अधिकतम एकसमान प्रीमियम दर ______________ है।

**2·0%**

Under the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY), the maximum uniform premium rate payable by farmers for all Kharif food and oilseed crops is ______________.

**2·0%**

---

**44.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित है ?

**उपर्युक्त में से कोई नहीं**

Which of the following pairs is correctly matched ?

**None of the above**

---

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सी वृक्षारोपण पद्धतियाँ 'विस्तार वानिकी' के अंतर्गत वर्गीकृत की जाती हैं ?

I. मिश्रित वानिकी
II. आश्रय पट्टी
III. रैखिक पट्टी वनारोपण
IV. क्षतिग्रस्त वनों का पुनर्वास

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**I, II और III**

Which of the following tree cultivation practices are classified under 'Extension Forestry' ?

I. Mixed forestry
II. Shelter belts
III. Linear strip plantations
IV. Rehabilitation of degraded forests

Select the correct answer using the code given below :

**I, II and III**

---

**46.** जड़-कवक का वह सहजीवी संबंध जो पौधों को मिट्टी से कम गतिशील पोषक तत्त्व, विशेषकर फॉस्फोरस, प्राप्त करने में सहायता करता है, कहलाता है :

**माइकोराइज़ा**

The symbiotic root-fungus association that assists plants in acquiring poorly mobile nutrients, particularly phosphorus, from the soil is known as :

**Mycorrhizae**

---

**47.** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) द्वारा राष्ट्रीय शहद मिशन के अंतर्गत मधुमक्खियों का उपयोग करके मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए कौन-सी पहल शुरू की गई थी ?

**प्रोजेक्ट री-हैब (RE-HAB)**

Which initiative was launched by the Khadi and Village Industries Commission (KVIC) under the National Honey Mission to mitigate human-elephant conflict using honey bees ?

**Project RE-HAB**

---

**48.** नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने वाला सायनोबैक्टीरियम *एनाबेना एज़ोले*, जो *एज़ोला* के साथ सहजीवी संबंध बनाता है, पौधे के किस भाग में पाया जाता है ?

**पर्ण गुहाएँ**

The nitrogen-fixing cyanobacterium *Anabaena azollae*, which forms a symbiotic association with *Azolla*, is present in which part of the plant ?

**Leaf cavities**

---

**49.** भारत में तेंदू के पत्तों को लघु वनोपज (MFP) माना जाता है, इनका उपयोग निम्नलिखित में से किस उद्योग में किया जाता है ?

**बीड़ी उद्योग**

Tendu leaves, which are considered a minor forest produce (MFP) in India, are used in which of the following industries ?

**Bidi industry**

---

**50.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द उन लोगों को संदर्भित करता है जो फसल चक्रों (क्रॉप सर्कल्स) की घटना का अध्ययन या जाँच करते हैं ?

**सेरियोलॉजिस्ट्स**

Which of the following terms refers to people who study or investigate the phenomenon of crop circles ?

**Cereologists**

---

**51.** एक बास्केटबॉल खिलाड़ी शुरुआत में 35 प्रयासों में 32 बास्केट स्कोर करती है। वह अपने अगले x प्रयासों में प्रत्येक में सफलतापूर्वक स्कोर करती है। यदि उसकी कुल सफलता दर 95% हो जाती है, तो x का मान है :

**25**

A basketball player initially scores 32 baskets in 35 attempts. She successfully scores on each of her next x attempts. If her overall success rate becomes 95%, the value of x is :

**25**

---

**52.** एक कक्षा में नौ छात्रों द्वारा प्राप्त अंक हैं :
12, 31, 15, 18, 22, 18, 22, 20, 22
दिए गए आँकड़ों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
I. आँकड़ों का माध्य 20 है।
II. आँकड़ों की माध्यिका 20 है।
III. आँकड़ों का बहुलक 22 है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?
**I, II और III**

The marks obtained by nine students in a class are :
12, 31, 15, 18, 22, 18, 22, 20, 22
With reference to the given data, consider the following statements :
I. The mean of the data is 20.
II. The median of the data is 20.
III. The mode of the data is 22.
Which of the above statements are correct ?
**I, II and III**

---

**53.** एक ऋणदाता 10% की दर से साधारण ब्याज लेता है। एक उधारकर्ता 4 वर्षों के बाद मूलधन का आधा और अगले 6 वर्षों के बाद शेष आधा चुकाता है। यदि चुकाया गया कुल ब्याज ₹ 4,200 है, तो मूलधन कितना है ?
**₹ 6,000**

A lender charges simple interest at the rate of 10%. A borrower repays half of the principal after 4 years and the remaining half after another 6 years. If the total interest paid is ₹ 4,200, then the principal is :
**₹ 6,000**

---

**54.** दो प्राकृत संख्याओं m और n, जहाँ m > n, का लघुतम समापवर्त्य 935 है। n के अंकों का अधिकतम संभव योगफल क्या है ?
**16**

The LCM of two natural numbers m and n, where m > n, is 935. What is the maximum possible sum of the digits of n ?
**16**

---

**55.** एक समकोण त्रिभुज का कर्ण 25 सेमी है और इसका परिमाप 56 सेमी है। यदि छोटी भुजा x सेमी है, तो x का मान है :
**7 सेमी**

The hypotenuse of a right triangle is 25 cm and its perimeter is 56 cm. If the shorter side is x cm, then the value of x is :
**7 cm**

---

**56.** एक व्यापारी एक वस्तु को 20% लाभ पर बेचता है। यदि उसने उसे 20% कम कीमत पर खरीदा होता और ₹ 120 कम कीमत पर बेचा होता, तो उसे 25% का लाभ होता। वस्तु का मूल लागत मूल्य क्या है ?
**₹ 600**

A trader sells an article at a 20% profit. Had he purchased it for 20% less and sold it for ₹ 120 less, he would have earned a 25% profit. The original cost price of the article is :
**₹ 600**

---

**57.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

**कथन I :** माध्य की गणना केवल मात्रात्मक आँकड़ों के लिए की जा सकती है।

**कथन II :** माध्यिका का निर्धारण केवल तभी किया जा सकता है जब आँकड़ों को क्रम में व्यवस्थित किया जा सके।

**कथन III :** बहुलक की गणना गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों प्रकार के आँकड़ों के लिए की जा सकती है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

**I, II और III**

Consider the following statements :

**Statement I :** The mean can be calculated only for quantitative data.

**Statement II :** The median can be determined only when the data can be arranged in order.

**Statement III :** The mode can be calculated for both qualitative and quantitative data.

Which of the above statements are correct ?

**I, II and III**

---

**58.** यदि $x = \sqrt{2} + \sqrt{3}$ है, तो निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. x अपरिमेय है।

II. $x^2$ परिमेय है।

III. $x^4 - 10x^2 + 1$ परिमेय है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

**केवल I और III**

If $x = \sqrt{2} + \sqrt{3}$, consider the following statements :

I. x is irrational.

II. $x^2$ is rational.

III. $x^4 - 10x^2 + 1$ is rational.

Which of the above statements is/are correct ?

**I and III only**

---

**59.** कोशिकाद्रव्य (साइटोप्लाज़्म) में ग्लूकोज के विघटन के दौरान बनने वाले 3-कार्बन मध्यवर्ती अणु का नाम बताइए।

**पाइरुवेट**

Name the 3-carbon intermediate molecule formed during the breakdown of glucose in the cytoplasm.

**Pyruvate**

---

**60.** कौन-सा पादप हॉर्मोन वृद्धि संदमक के रूप में कार्य करता है और पत्तियों के मुरझाने के लिए उत्तरदायी है ?

**ऐब्सिसिक अम्ल**

Which plant hormone acts as a growth inhibitor and causes the wilting of leaves ?

**Abscisic acid**

---

**61.** मानवों में कौन-सी संरचना तंत्रिका तंत्र और अंतःस्रावी तंत्र दोनों को जोड़ती है ?

**हाइपोथैलेमस**

Which structure links both the nervous system and the endocrine system in humans ?

**Hypothalamus**

---

**62.** निम्नलिखित में से कौन-सा जीव समूह नर विषमयुग्मकता प्रदर्शित करता है, जिसमें नर दो अलग-अलग प्रकार के युग्मक उत्पन्न करता है ?

**मानव, ड्रोसोफिला और टिड्डे**

Which of the following group of organisms exhibits male heterogamety, where the male produces two different types of gametes ?

**Humans, Drosophila and Grasshoppers**

---

**63.** निम्नलिखित में से किस ग्राफीय निरूपण का उपयोग मेंडेलीय संकरण में युग्मकों और संतानों के सभी संभावित जीनोटाइपों (जीनप्ररूपों) की प्रायिकता की गणना करने के लिए किया जाता है ?

**पनेट वर्ग**

Which of the following graphical representations is used to calculate the probability of all possible genotypes of gametes and offspring in a Mendelian cross ?

**Punnett square**

---

**64.** अर्धसूत्री विभाजन के प्रोफ़ेज़ I के किस उप-चरण में, रिकॉम्बिनेज़ एंज़ाइम द्वारा मध्यस्थ जीन विनिमय (क्रॉसिंग ओवर) होता है ?

**स्थूलपट्ट (पैकीटीन)**

During which sub-stage of meiotic Prophase I does crossing over occur, mediated by the enzyme recombinase ?

**Pachytene**

---

**65.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची I (संरचना)** | | **सूची II (विशेषता)** |
|---|---|---|---|
| a. | परागकण | i. | 2 केंद्रक |
| b. | भ्रूण-कोष | ii. | 3 केंद्रक |
| c. | भ्रूणपोष | iii. | 7-कोशिकीय |
| d. | ध्रुवीय केंद्रक | iv. | 2-कोशिकीय |

**कूट :**

**a-iv, b-iii, c-ii, d-i**

Match List I with List II and choose the correct answer using the code given below the lists :

| | **List I (Structure)** | | **List II (Characteristic)** |
|---|---|---|---|
| a. | Pollen grains | i. | 2 nuclei |
| b. | Embryo sac | ii. | 3 nuclei |
| c. | Endosperm | iii. | 7-celled |
| d. | Polar nuclei | iv. | 2-celled |

**Code :**

**a-iv, b-iii, c-ii, d-i**

---

**66.** एमएस वर्ड (MS Word) में वर्डआर्ट (WordArt) फीचर का उपयोग करके टेक्स्ट पर निम्नलिखित में से कौन-से दृश्य (विज़ुअल) फॉर्मैटिंग प्रभाव लागू किए जा सकते हैं ?

**ग्रेडिएंट फिल (Gradient fill), शैडो (Shadow) और रिफ्लेक्शन (Reflection)**

Which of the following visual formatting effects can be applied to text using the WordArt feature in MS Word ?

**Gradient fill, Shadow and Reflection**

---

**67.** किस प्रख्यात भारतीय वैज्ञानिक ने 1991 में भारत का पहला सुपरकंप्यूटर, परम 8000 (PARAM 8000) विकसित किया था ?

**डॉ. विजय पांडुरंग भटकर**

Which prominent Indian scientist developed India's first supercomputer, PARAM 8000, in 1991 ?

**Dr. Vijay Pandurang Bhatkar**

---

**68.** किस प्रकार का जॉयस्टिक केवल विशिष्ट, पूर्वनिर्धारित दिशाओं में गति (मूवमेंट) का पता लगाने के लिए ऑन/ऑफ स्विच का उपयोग करता है ?

**डिजिटल जॉयस्टिक**

Which type of joystick uses ON/OFF switches to detect movement only in specific, predefined directions ?

**Digital joystick**

---

**69.** भारतीय स्टेट बैंक (SBI) अपने प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म योनो (YONO) के माध्यम से कार्ड रहित नकद निकासी की सुविधा प्रदान करता है। योनो (YONO) के संक्षिप्त रूप में अक्षर 'N' का क्या अर्थ है ?

**नीड (Need)**

State Bank of India (SBI) offers cardless cash withdrawals through its flagship digital platform, YONO. What does the letter 'N' stand for in the acronym YONO ?

**Need**

---

**70.** ब्लूटूथ प्रौद्योगिकी किन दो रेडियो प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके संचालित होती है ?

**ब्लूटूथ क्लासिक और ब्लूटूथ लो एनर्जी (LE)**

Bluetooth technology operates using which two radio technologies ?

**Bluetooth Classic and Bluetooth Low Energy (LE)**

---

**71.** माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में रिक्त सेल (blank cells) सम्मिलित करने के लिए कौन-सा कीबोर्ड शॉर्टकट इनसर्ट (Insert) डायलॉग बॉक्स खोलता है ?

**Ctrl + Shift + Plus (+)**

Which keyboard shortcut opens the 'Insert' dialog box to insert blank cells in Microsoft Excel ?

**Ctrl + Shift + Plus (+)**

---

**72.** कौन-सा इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेंट (घटक) IBM 603 कैल्कुलेटिंग यूनिट का आधार बनाता है ?

**वैक्यूम ट्यूब**

Which electronic component formed the basis of the IBM 603 calculating unit ?

**Vacuum tubes**

---

**73.** उपयोगकर्ता अनुप्रयोग ऑपरेटिंग सिस्टम कर्नेल के साथ निम्न माध्यमों से संवाद करते हैं :

**सिस्टम कॉल (System calls)**

User applications communicate with the operating system kernel through :

**System calls**

---

**74.** किस प्रकार की कम्प्यूटर मेमोरी बिजली बंद होने पर भी अपना स्टोर किया हुआ डेटा बनाए रखती है ?

**ROM**

Which type of computer memory retains its stored data even when the power is turned off ?

**ROM**

---

**75.** किस प्रकार के वॉलेट का उपयोग व्यापारियों की एक निर्दिष्ट सूची में ऑनलाइन और ऑफलाइन लेन-देनों के लिए किया जा सकता है ?

**सेमी-क्लोज़्ड वॉलेट**

Which type of wallet can be used for online and offline transactions at a specified list of merchants ?

**Semi-Closed Wallet**

---

**76.** साइबर खतरों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. विशिंग में धोखाधड़ी वाले फ़ोन कॉल के ज़रिए संवेदनशील निजी जानकारी हासिल की जाती है।

II. एस्पियोनाज एक तरह का साइबर अटैक है जिसमें सेवाओं को बाधित करने के लिए नेटवर्क पर बहुत ज़्यादा ट्रैफ़िक भेजा जाता है।

III. स्मिशिंग में मोबाइल टेक्स्ट संदेशों का उपयोग करके पीड़ितों को धोखा दिया जाता है और उनसे संवेदनशील जानकारी हासिल की जाती है।

IV. ट्रोजन हॉर्स एक विनाशकारी मैलवेयर का प्रकार है जो नेटवर्क पर स्वत: ही अपनी कॉपी बनाता रहता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

**केवल I और III**

Consider the following statements regarding cyber threats :

I. Vishing extracts sensitive personal information through fraudulent phone calls.

II. Espionage is a cyber attack that floods a network with excessive traffic to disrupt services.

III. Smishing uses mobile text messages to trick victims into revealing sensitive information.

IV. A Trojan horse is a type of destructive malware that autonomously replicates itself across networks.

Which of the above statements are correct ?

**I and III only**

---

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सी ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का वर्णन करती है ?

**साझा, अपरिवर्तनीय, विकेंद्रीकृत डिजिटल खाता-बही**

Which of the following describes blockchain technology ?

**Shared, immutable, decentralized digital ledger**

---

**78.** कौन-सी इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी IoT उपकरणों को अन्य प्रणालियों से जुड़ने, संचार करने और डेटा का आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाती है ?

**नेटवर्क कनेक्टिविटी**

Which infrastructure technology enables IoT devices to connect, communicate and exchange data with other systems ?

**Network connectivity**

---

**79.** पहला वेब ब्राउज़र, जिसे मूल रूप से 'वर्ल्ड वाइड वेब' (WorldWideWeb) नाम से विकसित किया गया था, का नाम बाद में बदलकर रखा गया था :

**नेक्सस**

The first web browser originally developed under the name 'WorldWideWeb' was later renamed :

**Nexus**

---

**80.** बूट प्रक्रिया के दौरान कौन-सा फर्मवेयर हार्डवेयर घटकों को आरंभ (इनिशिलाइज़) करता है ?

**BIOS / UEFI**

Which firmware initializes the hardware components during the boot process ?

**BIOS / UEFI**

---

**81.** उत्तर प्रदेश पर्यटन के अंतर्गत प्रसिद्ध 'हेरिटेज आर्क' में आधिकारिक तौर पर कौन-से तीन शहर शामिल हैं ?

**आगरा, लखनऊ, वाराणसी**

Which trio of cities officially forms the famous 'Heritage Arc' under Uttar Pradesh Tourism ?

**Agra, Lucknow, Varanasi**

---

**82.** उत्तर प्रदेश के किस जिले में राजा नरपत सिंह स्मारक स्थित है ?

**हरदोई**

In which district of Uttar Pradesh is the Raja Narpat Singh Memorial located ?

**Hardoi**

---

**83.** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में उत्तर प्रदेश की पदक तालिका और समग्र स्थान क्या थे ?

**14 स्वर्ण, 20 रजत, 18 काँस्य — 7वाँ**

In the Khelo India Youth Games 2025, what were Uttar Pradesh's medal tally and overall position ?

**14 Gold, 20 Silver, 18 Bronze — 7th**

---

**84.** अपने पिता मिर्ज़ा गियास बेग की स्मृति में एतमाद-उद्-दौला का मक़बरा किसने बनवाया था ?

**नूरजहाँ**

Who built Itmad-ud-Daula's Tomb in memory of her father Mirza Ghias Beg ?

**Nur Jahan**

---

**85.** भारत में पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन नई दिल्ली को उत्तर प्रदेश के किस शहर से जोड़ने के लिए शुरू की गई थी ?

**वाराणसी**

The first Vande Bharat Express train was launched in India to connect New Delhi with which city of Uttar Pradesh ?

**Varanasi**

---

**86.** 1780 ईस्वी में वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर को वर्तमान स्वरूप में किसने पुनर्निर्मित करवाया था ?

**रानी अहिल्याबाई होल्कर**

Who reconstructed the Kashi Vishwanath Temple of Varanasi in its present structural form in 1780 ?

**Rani Ahilyabai Holkar**

---

**87.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

**किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य – बलरामपुर**

Which of the following pairs is ***not*** correctly matched ?

**Kishanpur Wildlife Sanctuary – Balrampur**

---

**88.** उत्तर प्रदेश के भूतत्त्व एवं खनिकर्म निदेशालय का मुख्यालय किस शहर में स्थित है ?

**लखनऊ**

In which city is the headquarters of the Directorate of Geology and Mining, Uttar Pradesh located ?

**Lucknow**

---

**89.** सिंगरौली कोयला क्षेत्र मुख्य रूप से मध्य प्रदेश में स्थित है, परंतु इसका एक हिस्सा उत्तर प्रदेश के किस जिले तक फैला हुआ है ?

**सोनभद्र**

The Singrauli Coalfield is located primarily in Madhya Pradesh, but a part of it extends into which district of Uttar Pradesh ?

**Sonbhadra**

---

**90.** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में माताटीला बाँध किस नदी पर निर्मित है ?

**बेतवा**

On which river is the Matatila Dam, located in the Lalitpur district of Uttar Pradesh, constructed ?

**Betwa**

---

**91.** उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस हस्तनिर्मित संगीत वाद्ययंत्र को भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया गया है ?

**अमरोहा ढोलक**

Which of the following handcrafted musical instruments from Uttar Pradesh has been granted a Geographical Indication (GI) tag ?

**Amroha Dholak**

---

**92.** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (BBAU) की स्थापना कब और उत्तर प्रदेश के किस शहर में हुई थी ?

**1996; लखनऊ**

When and in which city of Uttar Pradesh did Babasaheb Bhimrao Ambedkar University (BBAU) come into existence ?

**1996; Lucknow**

---

**93.** उत्तर प्रदेश सरकार ने निजी विकासकर्ताओं को राज्य में औद्योगिक पार्क स्थापित करने में सक्षम बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी योजना शुरू की है ?

**PLEDGE**

Which of the following scheme has been launched by the Government of Uttar Pradesh to enable private developers to establish industrial parks in the state ?

**PLEDGE**

---

**94.** आनंदीबेन पटेल से ठीक पहले उत्तर प्रदेश के राज्यपाल कौन थे ?

**राम नायक**

Who immediately preceded Anandiben Patel as the Governor of Uttar Pradesh ?

**Ram Naik**

---

**95.** 1950 में संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर आधिकारिक रूप से उत्तर प्रदेश नाम दिए जाने की स्मृति में उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस (यूपी दिवस) प्रति वर्ष कब मनाया जाता है ?

**24 जनवरी**

When is Uttar Pradesh Statehood Day (UP Diwas) celebrated annually to commemorate the renaming of the official United Provinces to Uttar Pradesh in 1950 ?

**January 24**

---

**96.** वर्तमान फर्रुखाबाद क्षेत्र के प्राचीन इतिहास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. इस क्षेत्र में स्थित प्राचीन शहर काम्पिल्य (काम्पिल) दक्षिण पांचाल की राजधानी था।

II. महाभारत के अनुसार, द्रौपदी का स्वयंवर काम्पिल्य में हुआ था।

III. महावीर एवं बुद्ध के काल में, पांचाल सोलह महाजनपदों में प्रथम स्थान पर था ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

**केवल I और II**

Consider the following statements regarding the ancient history of the present-day Farrukhabad region :

I. The ancient city of Kampilya (Kampil) located in this region served as the capital of South Panchala.

II. According to the Mahabharata, the Swayamvara of Draupadi took place at Kampilya.

III. During the period of Mahavira and Buddha, Panchala ranked first among the sixteen Mahajanapadas.

Which of the above statements are correct ?

**I and II only**

---

**97.** निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (UPRVUNL) द्वारा निर्मित पहला तापीय विद्युत स्टेशन था ?

**ऊंचाहार तापीय विद्युत स्टेशन**

Which of the following was the first thermal power station constructed by the Uttar Pradesh Rajya Vidyut Utpadan Nigam Limited (UPRVUNL) ?

**Unchahar Thermal Power Station**

---

**98.** कर्मनाशा नदी जिसे परंपरागत रूप से 'पुण्य कर्मों का नाश करने वाली' कहा जाता है, उत्तर प्रदेश और निम्नलिखित में से किस राज्य के बीच प्राकृतिक सीमा बनाती है ?

**बिहार**

The Karmanasa River, traditionally referred to as the 'destroyer of pious deeds', forms a natural boundary between Uttar Pradesh and which of the following states ?

**Bihar**

---

**99.** धमेक स्तूप और चौखंडी स्तूप उत्तर प्रदेश के किस ऐतिहासिक स्थल पर स्थित हैं ?

**सारनाथ**

The Dhamek Stupa and the Chaukhandi Stupa are located at which historical site in Uttar Pradesh ?

**Sarnath**

---

**100.** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में 'खुर्जा' किस पारंपरिक कला रूप के लिए प्रसिद्ध है ?

**चीनी मिट्टी के चमकदार बर्तन**

'Khurja', in the Bulandshahr district of Uttar Pradesh, is renowned for which traditional art form ?

**Glazed ceramic pottery**

---